राजस्थान सरकार
कार्यालय संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा), उदयपुर संभाग, उदयपुर
रेजीडेन्सी स्कूल परिसर, उदयपुर (राज.) – 313001

Email:- jdeduudr@gmail.com Telephone:-0294-2421621

क्रमांकःसंनि/स्कूल शिक्षा/उदय/शै.प्र./2021/2307 दिनांकः 12.01.2021

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय),
माध्यमिक/प्रारम्भिक, उदयपुर संभाग।

विषयः– विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां पुनः प्रारम्भ किये जाने हेतु वी.सी. दिनांक 11.01.2021 में दिये गये निर्देशों की पालना हेतु।

प्रसंगः– शासन उप सचिव–प्रथम, राजस्थान सरकार, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, जयपुर के पत्र क्रमांक : प.32 (1) शिक्षा–1/2000 पार्ट–7 दिनांक 07.01.2021

निदेशालय का पत्रांक शिविरा–माध्य/मा–स/विविध दिवस/2018/461 दिनांक 07.01.2021 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रांसगिक पत्र के क्रम में लेख है कि विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां पुनः प्रारम्भ किये जाने हेतु वी.सी. दिनांक 11.01.2021 में दिये गये निर्देशों की पालना पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ सुनिश्चित करावें।

1. विद्यालय में शिक्षण कार्य (कक्षा 9 से 12 हेतु) के पुनः प्रारम्भ करने हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (**Standard operating procedure**) के सभी बिन्दुओं की पालना करावें।
2. मानक संचालन प्रक्रिया (**Standard operating procedure**) की प्रति समस्त संस्थाप्रधान और अध्यापक के पास अनिवार्यतः होनी चाहिए।
3. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निम्नांकित निर्देशों की पालना करावें
   - कोविड–19 के लक्षण होने पर विद्यार्थी स्कूल नही आएं।
   - स्कूल में यदि किसी विद्यार्थी में लक्षण दिखाई देने पर तुरन्त उसे आइसोलेट कर चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क करें।
   - ऐसी स्थिति में उस कक्षा–कक्ष को खाली करवाये एवं सेनेटराईज कराकर 48 धण्टे तक बंद रखें।
   - विद्यार्थी के परिवार में किसी भी सदस्य के कोविड–पोजिटिव होने पर विद्यार्थी को 14 दिन क्वैरनटाईन रहने के निर्देश प्रदान करें।
   - विद्यार्थियों को मास्क पहनने का सही तरीका समझावें।
   - मास्क की नियमित सफाई के निर्देश प्रदान करावें।
   - मास्क इधर–उधर नही फेके, डस्टबिन में ही डालें।
   - नाक, कान, ऑख, मुँह से संक्रमण की रोकथाम के तरीके समझायें।
   - विद्यार्थियों को हाथ धोने का सही तरीका **SUMANK** के माध्यम से समझावें।

S	U	M	A	N	K
सीधा	उल्टा	मुट्ठी	अगूंठा	नाखून	कलाई

उक्त आदेश प्रत्येक संस्थाप्रधान तक पहुँचाना सुनिश्चित करावें।

www.rajteachers.com

संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)
उदयपुर संभाग, उदयपुर